


# करणी सेना का हल्ला बोल, पैदल मार्च मार्च निकालकर दिया धरना

## हरदा में हुई घटना का किया विरोध, वहां के कलेक्टर-एसपी को हटाने की मांग







**शाजापुर, 18 जुलाई. हरदा में हुए लाठीचार्ज के विरोध में शुक्रवार को शाजापुर में करणी सेना और राजपूत समाज ने प्रदर्शन किया. धोबी चौराहे से कलेक्टर कार्यालय तक करणी सेना और राजपूत समाजजनों ने पैदल मार्च निकाला. इसके बाद कलेक्टर कार्यालय के गेट पर धरना देकर हरदा कलेक्टर-एसपी को हटाने की मांग करते हुए जमकर नारेबाजी की. प्रदर्शन में बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल हुईं.**

करणी सेना के प्रदेश सचिव अजीत सिंह डोडिया ने बताया कि गत दिवस हरदा में एक व्यापारी द्वारा की गई धोखाधड़ी का विरोध कर रहे लोगों पर पुलिस ने लाठीचार्ज किया था. राष्ट्रीय अध्यक्ष जीवन सिंह शेरपुरा भी धरने में शामिल होने हरदा पहुंचे थे. उन्हें पुलिस ने जबरन जेल भेज दिया था. इस घटना को लेकर पूरे देश में करणी सेना द्वारा प्रदर्शन किया जा रहा है. इसी कड़ी में शुक्रवार को शाजापुर में भी करणी सेना और राजपूत समाज द्वारा धोबी चौराहा से पैदल मार्च निकाला गया. हाथों में नारे लिखी तख्तियां लेकर करणी सेना पदाधिकारी और राजपूत समाजजन पैदल मार्च में शामिल हुए. एबी रोड से होता हुआ यह मार्च कलेक्टर कार्यालय पहुंचा. जहां गेट पर करणी सेना और राजपूत समाज के लोगों ने नारेबाजी करते हुए धरना दिया. इस विरोध प्रदर्शन में हाथों में तख्तियां लेकर राजपूत समाज की महिलाएं भी बड़ी संख्या में शामिल हुई. इस अवसर पर करणी सेना जिलाध्यक्ष सोनू बना, क्षत्रिय महासभा के प्रदेश अध्यक्ष रामवीरसिंह सिकरवार सहित बड़ी संख्या में करणी सेना के पदाधिकारी एवं राजपूत समाजजन मौजूद थे.

### एसडीएम को सौंपा ज्ञापन...

करणी सेना और राजपूत समाज के इस प्रदर्शन को देखते हुए शाजापुर में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था. साथ ही पुलिस-प्रशासन के आला अधिकारी भी नजर बनाए हुए थे. करणी सेना के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंप कर हरदा के कलेक्टर-एसपी को हटाने की मांग की और लाठी चार्ज प्रकरण की उच्च स्तरीय मांग के साथ दोषी पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों पर कारवाई की मांग की.

### करणी सेना ने दी उग्र आंदोलन की चेतावनी...

कलेक्टर कार्यालय पर धरना प्रदर्शन कर रहे करणी सेनिकों और राजपूत समाजजनों ने हरदा में हुए घटना का पुरजोर विरोध किया. साथ ही नारेबाजी करते हुए दोषी अधिकारियों-कर्मचारियों पर तत्काल कार्यवाही की मांग की. करणी सेनिकों ने प्रशासन को चेतावनी दी कि यदि दोषियों पर जल्द से जल्द कार्यवाही नहीं की गई, तो उग्र आंदोलन किया जाएगा, जिसकी समस्त जवाबदारी शासन-प्रशासन की रहेगी.

## एक नजर में

### पुजारी नियुक्त करने के लिए तहसील में लगा शिविर



**मोहन बड़ोदिया, 18 जुलाई.** जिले के शासन संधारित मंदिरों में पुजारियों के रिक्त पदों पर नियुक्ति के लिए 18 जुलाई को सभी तहसील कार्यालयों में कार्यालयीन समय में विशेष शिविर लगाने के निर्देश कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना ने दिए हैं. शिविर में पुजारी पद पर नियुक्ति के लिए आवेदन पत्र एवं वैध दस्तावेज प्राप्त किए जाने हैं. कलेक्टर ने सभी तहसीलदारों को शिविर के संबंध में व्यापक प्रचार-प्रसार करने तथा शत-प्रतिशत पदों पर नियुक्ति की कार्यवाही करने के निर्देश दिए थे. इसी तारतम्य में मोहन बड़ोदिया तहसील में शुक्रवार शाम 5 बजे तक लगभग 50 रिक्त पदों के लिए कुल 20 नए आवेदन आए और 25 से 30 आवेदनों की रिपोर्ट तैयार कर एसडीएम कार्यालय भेजी गई है. बाकी की सोमवार तक प्रक्रिया पूर्ण कर ली जाएगी. उक्त जानकारी प्रभारी तहसीलदार दिव्या जैन ने दी.

### छात्रा को स्कूल में आया पैनिक अटैक, अस्पताल में भर्ती




**शाजापुर, 18 जुलाई.** शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में उस समय अफरा तफरी मच गई जब एक छात्रा की अचानक तबियत खराब हो गई. शिक्षक शिक्षिकाएं उसे लेकर जिला अस्पताल पहुंचे जहां चिकित्सक ने उसका उपचार किया. परिजनों की माने तो छात्रा को पैनिक अटैक की शिकायत है जिससे वह कभी भी बीमार हो जाती है. घटना शुक्रवार दोपहर की है. जब कक्षा 10वी में पढ़ने वाली छात्रा संजना गोयल रोज की तरह क्लास अटैंड कर रही थी. तभी अचानक उसकी तबियत बिगड़ने लगी और वह बेसुध होने लगी. जब क्लास में मौजूद टीचर ने उससे पूछा कि उसे क्या हो रहा है तो वह कुछ बता नहीं पाई. इस पर सबसे पहले टीचर उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे. इसके बाद परिजनों को इसकी जानकारी दी गई जो सूचना मिलते ही जिला अस्पताल पहुंचे. चिकित्सक की माने तो छात्रा को एनजाईटी की शिकायत हो सकती है. वहीं जब परिजनों से चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि वह पहले से ही बीमार है और कभी कभी उसकी ऐसी हालत हो जाती है. फिलहाल छात्रा का उपचार जिला अस्पताल में चल रहा है जहां अब उसकी हालत में सुधार है.

**छात्रा को आया था पैनिक अटैक**

शिक्षक से चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि छात्रा संजना गोयल है जो कालीसिंध से प्रतिदिन आना जाना करती है. शुक्रवार को उसे क्लास में अचानक पैनिक अटैक आया था. वहीं परिजनों ने भी बताया कि उसका इंदौर के चिकित्सक का उपचार चल रहा है और कई बार उसकी ऐसी हालत हो जाती है.

### आज बाबा के दरबार के लिए रवाना होंगे कावड़िए



**शाजापुर, 18 जुलाई.** श्रावण माह में महादेव के भक्त उनकी भक्ति में रमे हुए हैं. इस दौरान कावड़ यात्राएं निकाली जाकर कई श्रद्धालू बाबा के दरबार पहुंचकर उनका श्रद्धा से अभिषेक कर रहे हैं. आज भी नगर से शिवाय ग्रुप द्वारा कावड़ यात्रा निकाली जाएगी जो शनिवार को प्रात: 8 बजे मंगलनाथ महादेव मंदिर परिसर से रवाना होगी. ग्रुप के जतिन सोनी ने बताया कि हर तरफ खुशहाली हो, अच्छी वर्षा होए बेहतर फसलें हो और हर वर्ग समृद्ध हो, इसी कामना को लेकर शिवाय ग्रुप द्वारा कावड़ यात्रा निकाली जा रही है. उन्होंने बताया कि सोमवार को उज्जैन पहुंचकर बाबा महाकाल का अभिषेक कर मंगलकामनाएं की जाएंगी. आज निकलने वाली कावड़ यात्रा को लेकर शुक्रवार को तैयारियों को ग्रुप के सदस्यों द्वारा अंतिम रूप दिया गया. ग्रुप के सदस्यों ने सभी नगरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में आकर कावड़ यात्रा को सफल बनाने की अपील की है.

### वाहनों की चेकिंग, 2 वाहन जप्त किए

**शाजापुर, 18 जुलाई.** कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना के निर्देशानुसार परिवहन विभाग द्वारा शाजापुर, दुपाड़ा क्षेत्र में स्कूली वाहन बस, मैजिक आदि वाहनों की सघन चेकिंग कार्यवाही की गई. जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि वाहनों की चेकिंग के दौरान उनके परमिट, फिटनेस, बीमा, फायर फाइटर, फर्स्टएड बॉक्स, इमरजेंसी गेट, कैमरा आदि चेक किए गए एवं 2 वाहनों को जप्त किया गया है.

### 100 गांवों की सप्लाई एक साथ 1 घंटे बंद रहेगी

**मोहन बड़ोदिया, 18 जुलाई.** आज शनिवार को 132 केवी उपकेंद्र मोहन बड़ोदिया ग्रिड से निकलने वाले सभी 33 केवी फीडर जैसे मोहन बड़ोदिया, नागझिरी, मंडोदा, शादीपुरा, मोहना, दुधाना सहित आदि फीडर पर मेंटेनेंस के चलते कुल 100 ग्रामों की विद्युत सप्लाई शनिवार सुबह 11 से दोपहर 12 बजे तक सभी फीडर की सप्लाई बंद रहेगी. बता दे की 132 केवी ग्रीड पर 33 केवी मंडोदा फीडर के मुख्य बस आइसोलेटर का हॉट पॉइंट अटेंड करने एवं मुख्य बस आइसोलेटर मेंटेनेंस करने के कारण विद्युत सप्लाई बाधित रहेगी. शुक्रवार शाम 6 बजे सब स्टेशन सुपरवाइजर दुर्गाप्रसाद मालवीय के द्वारा जानकारी दी गई.

## शासकीय मंदिरों के रिक्त पुजारी पदों पर नियुक्ति के लिए विशेष शिविर आयोजित

**शाजापुर, 18 जुलाई. कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना के आदेशनुसार, अनुविभागीय अधिकारी शाजापुर सुश्री मनीषा वास्कले के निर्देश पर शाजापुर तहसील के 108 शासकीय मंदिरों में पुजारी के रिक्त पदों पर पुजारी नियुक्ति के लिए तहसील कार्यालय परिसर में विशेष शिविर का आयोजन किया गया.**



उक्त जानकारी देते हुए तहसीलदार सुनील पाटिल ने बताया कि वर्तमान में शाजापुर तहसील अंतर्गत कुल 375 शासकीय मन्दिर है जिनमें पटवारी प्रतिवेदन अनुसार 108 मंदिरों पर पुजारी के पद रिक्त है. इन मंदिरों में पूजा करने वाले एवं पुजारी पद हेतु योग्यता रखने वाले व्यक्तियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं. इसी तारतम्य में उन व्यक्तियों के भी आवेदन प्राप्त किए गए जो पुजारी के रूप में पूजा पाठ तो कर रहे है लेकिन उनके पास नियुक्ति पत्र नहीं है. ज्ञात रहे कि कलेक्टर शाजापुर ने गत दिनों शासकीय मंदिरों का भौतिक सत्यापन करने के आदेश दिए थे जिस पर जिले भर में पटवारियों द्वारा शासकीय माफी मंदिरों और उनकी भूमियों का भौतिक सत्यापन कर रिपोर्ट तहसीलदारों को प्रस्तुत की थी, जिसमें कुल 108 मंदिरों में पुजारी पद रिक्त पाए गए थे. इन मंदिरों में ऐसे मंदिर हैं जिनके पास अपनी माफी भूमि है और जो भूमिहीन है और शासन से नेमनुक प्राप्त करते हैं. कुल 37 आवेदन प्राप्त हुए विस्तृत सर्वे के बाद आई जानकारी के आधार पर रिक्त पद वाले मंदिरों में पुजारीयों की विधिवत नियुक्ति वैध पाए गए आवेदनों की जांच उपरांत तहसीलदार की अनुशंसा पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व द्वारा की जाएगी. इन शासकीय मंदिरों के ये प्रबन्ध समितियों का भी गठन किया जाना है जिसकी प्रक्रिया भी शीघ्र प्रारम्भ की जाएगी.

## सोशल साइट्स पर धार्मिक भावना भड़काई, तो होगी कार्रवाई

### जिला दंडाधिकारी ने धारा 163 के तहत लगाया प्रतिबंध

**शाजापुर, 18 जुलाई. जिला दंडाधिकारी सुश्री ऋजु बाफना द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत लोकशांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सोशल साइट्स पर आपत्तिजनक संदेश, चित्रों, वीडियो एवं ऑडियो संदेशों आदि पर नियंत्रण के लिए शाजापुर जिले की राजस्व सीमा के लिए 17 जुलाई से आगामी आदेश तक प्रतिबंध लगाया है.**

प्रतिबंध के अनुसार फेसबुक, व्हाटसएप, ट्वीटर (एक्स), इंस्टाग्राम यूजर द्वारा कोई ऐसा आपत्तिजनक संदेश, चित्रों, वीडियो एवं आडियो संदेशों आदि को जिससे आमजन की भावना को आहत एवं किसी सम्प्रदाय विशेष की भावना उद्वेलित हो, ऐसी पोस्ट को शेयर, फॉरवर्ड, लाइक ना करें, ना ही प्रसारित करें. व्हाट्स एप ग्रुप एडमिन तथा ग्रुप से जुड़े यूजर धार्मिक भावना भड़काने वाले पोस्ट को प्रसारित नहीं करें एवं ग्रुप के यूजर को ऐसा करने से रोकें. ग्रुप एडमिन व्हाट्स एप, फेसबुक एवं अन्य बनाए गए ग्रुप का मुखिया होता है. यदि उसके ग्रुप के कोई भी सदस्य आपत्तिजनक सामग्री पहुंचाने वाला अथवा संदेश, फोटो, वीडियो ग्रुप में शेयर करता है, तो ग्रुप एडमिन की जवाबदारी होगी.

**सत्यता की जांच कर लें**

सोशल मीडिया पर आए संदेश कई बार षडयंत्र के तहत भेजे जाते हैं, इन पर कोई भी प्रतिक्रिया देने के पूर्व इनकी सत्यता की जांच करने का प्रयास करें. किसी भी अफवाह, भ्रामक सूचनाओं की पोस्ट को प्रसारित नहीं करें. यदि कोई व्यक्ति इस आदेश का उल्लंघन करेगा, तो वह भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के अंतर्गत अभियोजन के लिए उत्तरदायी होगा. यह आदेश 17 जुलाई से आगामी आदेश तक प्रभावशील रहेगा.

### शाजापुर के 309 बीएलओ को दिया प्रशिक्षण

**शाजापुर, 18 जुलाई.** अनुभाग अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र 167 शाजापुर में नियुक्त कुल 309 बीएलओ को 16 से 17 जुलाई तक दो दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया. अनुविभागीय अधिकारी एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी शाजापुर सुश्री मनीषा वास्कले ने बताया कि प्रथम दिवस सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, तहसीलदार शाजापुर, मास्टर ट्रेनरों एवं निर्वाचन विभाग के कर्मचारियों की उपस्थिति में शासकीय बालकृष्ण शर्मा नवीन स्नाकोत्तर महाविद्यालय शाजापुर में दो पाली में प्रशिक्षण दिया गया. प्रशिक्षण में विशेष गहन पुनरीक्षण एवं आयोग द्वारा प्रदत्त पीपीटी द्वारा प्रोजेक्टर के माध्यम से मास्टर ट्रेनर द्वारा हाउस टू हाउस सर्वे करना, फार्म न. 67 एवं 8 की जानकारी बीएलओ एप के माध्यम से भरना आदि का प्रशिक्षण दिया गया. प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर द्वारा भारत निर्वाचन आयोग के मुख्य सोशल मीडिया प्लेटफार्म को बीएलओ से फोलो करवाया गया. प्रशिक्षण उपरांत सभी बीएलओ की 30 ऑनलाईन प्रश्नोत्तरी में प्रतिभागिता भी सुनिश्चित की गई.

## खाद्य लाइसेंस प्रस्तुत नहीं करने पर शरणम मार्ट सील

**शाजापुर, 18 जुलाई. कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफ्ना के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा एवं राजस्व विभाग के संयुक्त दल ने विगत 15 जुलाई को आरके ट्रेडर्स शरणममार्ट का निरीक्षण किया गया था.**




कार्यवाही के दौरान मार्ट के मालिक से चर्चा के बाद सेल्स मैनेजर रघुवीर सिंह ठाकुर से 24 घंटे में वैध खाद्य लाइसेंस कार्यालय में उपस्थिति होकर प्रस्तुत करने के लिए कहा गया था, किंतु उनके द्वारा आज तक वैध खाद्य लाइसेंस, प्रस्तुत नहीं किया गया. अभिहित अधिकारी जिला शाजापुर के आदेश से 18 जुलाई को राजस्व, पुलिस तथा खाद्य सुरक्षा विभाग के दल द्वारा परिसर को नियमानुसार खाद्य कारोबार विक्रय को प्रतिबंधित कर सील किया गया. दल में राजस्व विभाग से पटवारी कपिल शिंदे, ताहिर सिद्दीकी, खाद्य सुरक्षा अधिकारी एमके वर्मा तथा केएल कुम्भकार, पुलिस विभाग से विष्णु चौहान, हेमराज मालवीय, मुकेश मौर्य शामिल थे.

### नवोदय में प्रवेश के लिए 29 तक होंगे आवेदन

**शाजापुर, 18 जुलाई.** जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा सत्र 2026-27 के ऑनलाइन आवेदन भरना शुरू हो गए हैं, जिसकी अंतिम तारीख 29 जुलाई है. जवाहर नवोदय विद्यालय प्राचार्य अशोक कुमार राजे ने बताया कि ऑनलाइन आवेदन करते समय ओबीसी, एससी, एसटी छात्र या छात्रा के नाम से बना हुआ जाति प्रमाण पत्र अनिवार्य रूप से अपलोड करना होगा. ओबीसी के आवेदक केवल छात्र या छात्रा के नाम से बना ओबीसी सेंट्रल सर्टिफिकेट ही अपलोड करें न कि स्टेट गवर्नमेंट का. ऑनलाइन आवेदन के लिए नवोदय विद्यालय समिति की आधिकारिक वेबसाइट का प्रयोग करें.

### कॅरियर काउंसलिंग का आयोजन

**शाजापुर, 18 जुलाई.** शासन की मंशानुसार एवं कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना के निर्देशानुसर गत दिवस एकीकृत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लाहौरी में कॅरियर काउंसलिंग का आयोजन हुआ. जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि कॅरियर काउंसलिंग में जिला रोजगार कार्यालय के अंतर्गत मनोविज्ञान एवं विषय विशेषज्ञ के द्वारा कॅरियर के विभिन्न विषयों पर विद्यार्थियों को जानकारी दी गई. विद्यार्थियों को बताया गया कि उन्हें लक्ष्य को ध्यान में रखकर कॅरियर का चुनाव करना चाहिए. जैसे शिक्षण शारीरिक क्रीड़ा शिक्षक, उच्च शिक्षा रचनात्मक लेखन, इंजीनियर टेक्निकल एवं सांइस से संबंधित मेडिकल व पैरामेडिकल जैसे डॉक्टर, नर्स, फार्मासिस्ट, प्रशासनिक अधिकारी, क्लर्क रेलवे अधिकारी एवं प्रतियोगी परीक्षाओं में समय प्रबंधन कैसे करें. तकनीकी के क्षेत्र में कम्प्यूटर, प्रोग्रामर, आईटीआई, पॉलिटेक्निक, इंजीनियर, मनोदशा एवं सकारात्मकता पर संवाद किया. इसके साथ ही स्वयं का व्यवसाय बिजनेस, डेयरी, होजयरी शॉप आदि एवं शासन की विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं के संबंध में विद्यार्थियों को जानकारी प्रदान की गई. इस अवसर पर राजाराम कटारिया, राजेन्द्र मंडलोई, डॉ. आरसी चौहान, डॉ. निलेश महाजन, वैभव जैन, बीएल गुवाटिया, ललित तिवारी, जितेन्द्र चौहान, हरिओम बेहरावत, श्रीमती प्रीति श्रीवास्तव, सुनीता राठौर आदि उपस्थित थे.

## एक नजर में — स्कूल पहुंचे पुलिस अधिकारी, बच्चों को नशे से दूर रहने के लिए किया जागरुक

# नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत जनजागरुकता कार्यक्रम आयोजित



**नलखेड़ा, 18 जुलाई. पुलिस विभाग के तत्वावधान में एक विशेष नशा मुक्ति जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है. इसका उद्देश्य देश की युवा पीढ़ी में तेजी से बढ़ती नशे की प्रवृत्ति, उसके गंभीर दुष्परिणामों तथा समाज एवं देश को होने वाले आर्थिक व सामाजिक नुकसानों के प्रति छात्रों में जागरूकता लाना एवं नशे की लत से लोगों को दूर करना है.**

पुलिस द्वारा अवैध नशे को रोकने के लिए लगातार नशे के अपराध में लिप्त अपराधियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जा रही है. साथ ही इस संबंध में जागरूकता लाने हेतु समय-समय पर विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जा रहा है. जागरूकता लाने हेतु समय-समय पर विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जा रहा है. गुरुवार को थाना प्रभारी नागेश्वर यादव ने सीएम राइज में नशे से दूरी है. अभियान के तहत स्कूली बच्चों को नशे के दुष्परिणाम के संबंध में वीडियो और पीपीटी के माध्यम से विद्यार्थियों को नशे से होने वाले शारीरिक / मानसिक और सामाजिक नुकसान के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया. इस अवसर पर थाना प्रभारी नागेश्वर यादव, सीएम राइज प्राचार्य मनोज चतुर्वेदी द्वारा सभी छात्रों को नशा न करने की शपथ दिलाई गई.

### मोहन बड़ोदिया पुलिस ने विद्यार्थियों को पढ़ाया नशे दूर रहने का पाढ़...



**मोहन बड़ोदिया, 18 जुलाई.** यदि आपके परिवार में भी कोई नशे का आदि है और आप नशा छुड़वाने के लिए परामर्श चाहते हैं, तो हेल्पलाईन नंबर 1933 और 14446 पर कॉल सकते हैं. इसके अलावा नशे से संबंधित शिकायतों और परामर्श के लिए वेबसाईट पर भी जानकारी ले सकते हैं. एमपी पुलिस द्वारा 15 से 30 जुलाई तक पूरे मप्र में एक साथ यह अभियान चल रहा है. इसे नशे से दूरी है जरूरी नाम दिया गया है. सांदीपनि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोहन बड़ोदिया में शुक्रवार को जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया. शुक्रवार दोपहर 2 बजे आयोजित इस कार्यक्रम में स्कूली बच्चों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराया गया. मोहन बड़ोदिया थाना प्रभारी प्रेम किशोर व्यास ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि आज का सब्जेक्ट है नशे से दूरी है जरूरी. नशे से दूरी बनाना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है. उन्होंने छात्रों को सलाह दी कि नशा करने वाले दोस्तों से दूरी बनाकर रखें. इस दौरान एसआई गोविन्द प्रसाद चौबे ने नशे को एक गलत आदत बताते हुए छात्रों से आग्रह किया कि वे कभी भी नशे की लत न लगने दें. थाना प्रभारी ने विद्यार्थियों से यह भी कहा कि यदि उनके परिवार में कोई नशा करता हैं, तो उसे समझाएं. साथ ही धार्मिक स्थलों पर नशा करने वालों की सूचना पुलिस को दें. कार्यक्रम के दौरान स्कूली विद्यार्थियों और स्टाफ को समाज को नशामुक्त बनाने की शपथ दिलाई गई. इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य बाबूलाल पाटीदार, प्रधान आरक्षक जितेंद्र सितपारा, प्रधान आरक्षक सुरेश सौराष्ट्रीय, आरक्षक सुरेश राठौर, आरक्षक शिवचरण के साथ बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे.